महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालयः

MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA

(मध्यप्रदेश शासन अधिनियम 2006 (15 अगस्त 2008) द्वारा स्थापित)

देवासमार्ग, उज्जैन, मध्यप्रदेश – 456010

E-mail – regpsvvmp@rediffmail.com, Website- www.mpsvv.ac.in

म.पा.सं.वि./ज्यो./ /

दिनांक 04/03/2021

ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग,
महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
एवं
अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर

समझौता ज्ञापन (MOU)

निदेशक
अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर

विभागाध्यक्ष
ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग,
महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।

उपर्युक्त पक्षकार अधोलिखित अनुसार समझौता ज्ञापन कर कार्य क्रियान्वयन एवं ज्योतिष, वास्तु तथा पुरातत्त्व क्षेत्र के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, प्राध्यापकगण एवं सामाजिकों के हितार्थ कार्य करने के लिए परस्पर सहमत हैं। ध्यातव्य है कि सत्र 2017-18 से ही विश्वविद्यालय के छात्र तथा शोध संस्थान के विशेषज्ञ सङ्गोष्ठी, शैक्षणिक भ्रमण, विशिष्ट व्याख्यान सदृश गतिविधियों में परस्पर सहभागी रहे हैं । आगे भी

1. हम संयुक्त गतिविधियों के माध्यम से शैक्षणिक कार्यों का संचालन करेंगें।
2. संकाय प्रशिक्षण / सम्मेलन / सेमिनार / कार्यशाला / संगोष्ठी आदि का संयुक्त आयोजन ज्ञान और अनुभव के विकास और विनिमय के लिये कार्य करेंगें।
3. ज्ञान संसाधन का आदान प्रदान और विकास के लिए पुस्तकालय, प्रकाशन व अन्य शिक्षण सहायक सामग्री को साझा करेंगे।

4. ज्योतिष, वास्तु तथा पुरातत्त्व विषयक संगोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन संयुक्त रूप से करेंगे।
5. अश्विनी शोध संस्थान के नवीन अनुसन्धानों की जानकारी आवश्यकतानुसार ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग से साझा की जाएगी। इसी प्रकार ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग के आचार्य भी ज्ञात नवीन तथ्य संस्थान से साझा करेंगे।
6. संस्थान के विशेषज्ञ तथा ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग के आचार्य वास्तु तथा प्राचीन भारतीय स्थापत्य के अल्पज्ञात तथ्यों को समाज में प्रकाशित करने हेतु प्रदर्शिनी आदि पर भी समवेत होकर कार्य करेंगे।
7. समय समय पर शोधसंस्थान द्वारा ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग के छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, तथा संस्थान की विशिष्ट गतिविधियों से समाज को जोड़ने में उनका कार्यकर्ता रूप में सहयोग लिया जाएगा।

ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग
महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन
एवं
अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर

संयुक्त रूप से उक्त विषयों में साथ मिलकर कार्य करने के लिये सहमत हैं।

निदेशक
निदेशक
अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर
अश्विनी शोध एवं अनुसंधान संस्था, महिदपुर

०९/०३/२०२१

विभागाध्यक्ष
विभागाध्यक्ष
ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग
महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।